प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने प्रदूषण रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका पर की सुनवाई, राज्य सरकार से दो हफ्ते में मांगा जवाब।

2. रांची के व्यवसायी कमल सिंघानिया के दो ठिकानों पर आयकर की छापेमारी, चेन्नई की आईटी टीम ने दी है दबिश।

3. पूर्व विधायक संजीव सिंह आठ साल बाद न्यायिक हिरासत से रिहा, धनबाद जाने पर रहेगी पाबंदी।

4. राज्य के 43 पुलिस अधिकारी और जवान स्वतंत्रता दिवस पर पदकों से होंगे अलंकृत राज्यपाल करेंगे सम्मानित।

5. अंडर–23 झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न, बोकारो विजेता, गुमला बना उपविजेता।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने रामगढ़ के बसंतपुर कोल वाशरी से हो रहे प्रदूषण को रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पर्यावरण प्रदूषण, सड़क की खराब स्थिति और ध्वनि प्रदूषण के मामलों पर दो सप्ताह का समय देते हुए राज्य सरकार, डीजीपी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जवाब दायर करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिला खनन पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि माइनिंग तथा कोयले या खनिजों की ट्रांसपोर्टिंग से किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं हो।

*********************

राजधानी रांची के जाने–माने व्यवसायी कमल सिंघानिया के दो ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। आयकर अधिकारियों की टीम कल कांके रोड एवं ओरमांझी स्थित उनके प्रतिष्ठान और आवास पहुंची और देर रात तक तलाशी और जांच में जुटी रही। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई की निगरानी आयकर विभाग की चेन्नई टीम कर रही है, जो एक मामले की गहन जांच के लिए कमल सिंघानिया तक पहुंची है। हालांकि, मामले को लेकर आयकर विभाग के अधिकारियों ने फिलहाल कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। झारखंड में भी इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा राज्य के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का काम कर रही है। इसे लेकर जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में कल बोकारो जिले के चंदनक्यारी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले में भी हर घर तिरंगा अभियान प्रभावी तरीके से संचालित हो रहा है।

*********************

अपने चचेरे भाई नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के मामले में आठ साल से जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह न्यायिक हिरासत से रिहा हो गये हैं। कल देर शाम रांची के रिनपास से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वे जेल से बाहर आये हैं। फिलहाल उनके धनबाद जाने पर पाबंदी है, जिस वजह से वे अभी रांची में ही निवास करेंगे। संजीव सिंह की रिहाई पर खुशी व्यक्त करते हुए उनकी पत्नी और झरिया की वर्तमान विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर भरोसा है और यह सत्य की जीत है।

********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने में चेहरे की पहचान प्रणाली के महत्व पर ज़ोर दिया है। नई दिल्ली में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि चेहरे की पहचान प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि लाभ केवल वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे और साथ ही लीकेज और दोहराव को भी रोका जा सके।

********************

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाने के बाद झारखंड में भी आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। पार्टी की नेता और राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

इधर, भाजपा ने इस पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि भ्रम फैलाना राहुल गांधी की आदत बन गयी है।

********************

स्वतंत्रता दिवस पर रांची के मोरहाबादी मैदान में इस बार राज्य के 43 पुलिस अधिकारी और जवान विभिन्न पदकों से अलंकृत होंगे। ये पदक गत वर्ष 2024 में 26 जनवरी और 15 अगस्त को केंद्र से घोषित हुए थे। पुलिस मुख्यालय ने सभी पदक और उसे पाने वालों की सूची जारी कर दी है और उन्हें 13 अगस्त तक एसएसपी रांची के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधिकारियों और जवानों को यह सम्मान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार देंगे।

********************

आज विश्व हाथी दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत देशभर में हाथियों के संरक्षण और मानव–हाथी संघर्ष कम करने को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झारखंड के मुख्य वन संरक्षक एसआर नटेश ने बताया कि राज्य में हाथी कॉरिडोर की पहचान और निर्माण की बात चल रही है। विभिन्न जिलों में हाथियों के विचरण को देखते हुए नये कोरिडोर के लिए सर्वे हो रहा है। इससे मानव–हाथी संघर्ष कम करने में मदद मिलेगी।

********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 14 अगस्त तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उन्होंने वज्रपात की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

********************

लोहरदगा में आयोजित दो दिवसीय अंडर–23 कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी है। चौंपियनशिप में बोकारो को पहला, गुमला को दूसरा और देवघर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता में निरंजन लकड़ा ने 65 किलोग्राम और सत्यम सुमित्रा न 61 किलो ग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला वर्ग में 50 किलोग्राम भार श्रेणी में अजीत कुमारी और 53 किलोग्राम भार वर्ग में सीता कुमारी ने रजत पदक जीता।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एसआईआर और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के प्रदर्शन की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– गुरुजी के श्राद्ध कर्म की व्यापक तैयारी... संस्कार भोज 16 अगस्त को, एक लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की उम्मीद।

प्रभात खबर परिहवन मंत्री के हवाले से लिखता है– हरमू जैसी घटना पर हमेशा के लिए वाहन व चालक का लाइसेंस होगा रद्द।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– प्लेसमेंट एजेंसियों ने सरकार को लगायी 129 करोड़ रुपये की चपत।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– चार बार विस चुनाव लड़ चुके अपराधी सूर्या हांसदा को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।

********************